**फैक्स**

सेवा में:– होम कन्ट्रोल/डीजीपी कन्ट्रोल, लखनऊ/इण्ट कन्ट्रोल/अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था/अपर पुलिस महानिदेशक अपराध उ.प्र.लखनऊ/अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन, मेरठ/आयुक्त सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर/पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर/जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मेरठ।

प्रेषक :– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर।

---

पत्रसंख्याः–एस0एम0सी0–सरा0कार्य/2022 दिनॉकः जुलाई 18, 2022

---

## :: सराहनीय कार्य::

**जनपद मुजफ्फरनगर में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा दौराने चेकिंग अन्तर्राजीय शातिर वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, 04 अभियुक्त गिरफ्तार,अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी के 10 वाहन, 02 तमन्चा मय 04 जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा 02 नाजायाज चाकू बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद मुजफ्फरनगर में शातिर चोर/लुटेरे अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतू चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत व पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक श्री आनन्द देव मिश्रा थाना कोतवाली नगर के कुशल नेतृत्व में दिनांक 17.06.2022 की रात्रि को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री अखिल चौधरी, उ0नि0श्री राकेश कुमार शर्मा, है0का0 366 अशोक खारी, है0का0 321 जितेन्द्र त्यागी, है0का0 121 रोहताश कुमार, है0का0 249 राजीव भारद्वाज, का0 1033 सचिन कुमार, का0 191 तरुण पाल, का0 1071 मौ0 अलीम, का0 621 पिन्टू थाने से रवाना होकर वास्ते देखरेख शांति व्यवस्था गस्त व भ्रमण चौकिंग संदिग्ध वाहन/व्यक्ति मे मामूर होकर बामनहेडी पुल से पहले पीर के पास चेकिंग कर रहे थे तभी 02 मोटरसाइकिल पर सवार 04 व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर अचानक अपनी मोटरसइकिल पीछे मोडकर भागने का प्रयाश करने लगे जिन्हे थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा घेर घोट कर सिखलाए गए तरीके से पीर से करीब 20 कदम की दूरी पर पकड लिया। पकडे गए व्यक्तियों में से मोटरसाइकिल यूके 08 एआर 7024 पर सवार व्यक्तियों से नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी तो एक ने अपना नाम अमरीश उर्फ काला पुत्र पाले सिंह निवासी ग्राम पूठी इब्राहिमपुर थाना रामराज, मुजफ्फरनगर बताया जिसकी जामा तलाशी से 01 तमंचा मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ, दुसरे व्यक्ति ने अपना नाम रजित पुत्र विनोद कुमार निवासी ग्राम पूठी इब्राहिमपुर थाना रामराज, मुजफ्फरनगर बताया जिसकी जामा तलाशी से 01 नाजायज चाकू बरामद हुआ, तथा दूसरी मोटरासाइकिल यूपी 15 बीएल 4578 पर सवार व्यक्तियों से नाम पता पूछा हुए जामा तलाशी तो एक ने अपना नाम अमन पुत्र रमेश निवासी रामराज थाना बहसूमा , मेरठ बताया जिसके जामा तलाशी से 01 तमंचा मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बरामद हुआ तथा दूसरे ने अपना नाम अविनाश पुत्र जसवीर निवासी ग्राम हुसैनपुर थाना रामराज , मुजफ्फरनगर बताया जिसकी जामा तलाशी से 01 चाकू नाजायज बरामद हुआ।

**<u>पूछताछ का विवरण</u>–** गिरफ्तार अभियुक्तगण से बरामद दो मोटरसाइकिल के बारे में पूछताछ की गयी तो अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि मोटरसाइकिल स्पलेण्डर प्लस नं0 यूके 08 एआर 7024 हमारे द्वारा रानीपुर हरिद्वार से चोरी की गयी थी तथा दूसरी मोटरसाइकिल स्पलेण्डर प्रो नं0 यूपी 15 बीएल 4578 हमारे द्वारा मिल रोड मवाना मेरठ से चोरी की गयी थी तथा इन दोनों मोटरसाइकिल पर हमारे द्वारा फर्जी नम्बर प्लेट लगायी गयी है जिससे पुलिस हमे पकड़ न पाये। हम पिछले करीब 01–02 वर्ष से मेरठ, मुजफ्फरनगर, हरिद्वार व अन्य आसपास के जनपदों से मोटर साईकिल व स्कूटी की चोरी करते थे तथा चोरी की मोटर साईकिल व स्कूटी अपने आर्थिक लाभ हेतु 05 से 10 हजार के बीच मे बेच देते थे। थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अभियुक्तगण की निशादेही पर अम्बा विहार में स्थित खाली पडे प्लॉट से 07 मोटरसाइकिल व 01 स्कूटी बरामद की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0–413/2022 धारा–411/414/420 भादवि बनाम 1.अमरीश, 2.रजित, 3.अमन, 4. अविनाश उपरोक्त, मु0अ0सं0–414/2022 धारा–3/25 आयुद्ध अधिनियम बनाम अमरीश उपरोक्त, मु0अ0सं0–415/2022 धारा–4/25 आयुद्ध अधिनियम बनाम रजित उपरोक्त, मु0अ0सं0–416/2022 धारा–3/25 आयुद्ध अधिनियम बनाम अमन उपरोक्त एवं मु0अ0सं0– 417/2022 धारा– 4/25 आयुद्ध अधिनियम बनाम अविनाश उपरोक्त के विरूद्ध पंजीकृत किये गये। पंजीकृत अभियोगों की विवेचना उ0नि0 श्री मोहित कुमार द्वारा की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम व पताः–**

1. अमरीश उर्फ काला पुत्र पाले सिंह निवासी ग्राम पूठी इब्राहिमपुर थाना रामराज, मुजफ्फरनगर।
2. रजित पुत्र विनोद कुमार निवासी ग्राम पूठी इब्राहिमपुर थाना रामराज, मुजफ्फरनगर।
3. अमन पुत्र रमेश निवासी रामराज थाना बहसूमा , मेरठ।
4. अविनाश पुत्रजसवीर निवासी ग्राम हुसैनपुर थाना रामराज , मुजफ्फरनगर।

**बरामदगी का विवरणः–**

1. मोटरसाइकिल स्पलेण्डर प्लस रंग काला नं0 यूके 08 एआर 7024।
2. मोटरसाइकिल स्पलेण्डर प्रो रंग काला नं0 यूपी 15 बीएल 4578।
3. मोटरसाइकिल सीडी डोन रंग काला बिना नम्बर ।
4. मोटरसाइकिल स्पलेण्डर प्लस रंग काला बिना नम्बर ।
5. मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स रंग लाल बिना नम्बर ।
6. मोटरसाइकिल स्पलेण्डर प्लस रंग काला बिना नम्बर।
7. मोटरसाइकिल स्पलेण्डर प्लस रंग काला बिना नम्बर।
8. मोटरसाइकिल स्टार सिटी रंग काला बिना नम्बर ।
9. मोटरसाइकिल डिस्कवर रंग काली लाल बिना नम्बर।
10. स्कूटी रंग काला एविएटर रजि0नम्वर न्ज07।।4768 ।
11. 02 तमंचे व 04 जिन्दा कारतूस 315 बोर ।
12. 02 चाकू नाजायज।

**गिरफ्तार करने वाली टीम :–**

1. उ0नि0 श्री अखिल चौधरी थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
2. उ0नि0श्री राकेश कुमार शर्मा थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
3. है0का0 366 अशोक खारी थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
4. है0का0 321 जितेन्द्र त्यागी थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
5. है0का0 121 रोहताश कुमार थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
6. है0का0 249 राजीव भारद्वाज थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
7. का0 1033 सचिन कुमार थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
8. का0 191 तरुण पाल थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
9. का0 1071 मौ0 अलीम थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।
10. का0 621 पिन्टू थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर।

**नोटः– गिरफ्तार** अभियुक्तगण **उपरोक्त शातिर किस्म** के **वाहन चोर है,** अभियुक्तगण **द्वारा घटना किये जाने का जुर्म इकबाल किया गया है।** अभियुक्तगण **को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।**
आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित है ।

वरिष्ठ पलिस अधीक्षक
मुजफ्फरनगर